पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने श्री राज प्रताप सिंह को अध्यक्ष विद्युत नियामक आयोग के पद की शपथ दिलाई

आयोग अपने दायित्व के प्रति सजग रहते हुए आम जनता के हित का भी ध्यान रखे- राज्यपाल

लखनऊः 02 जुलाई, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में श्री राज प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के दोनों सदस्य श्री एस0के0 अग्रवाल व श्री कौशल किशोर, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री संजीव मित्तल, प्रमुख सचिव राज्यपाल श्री हेमन्त राव, प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री आलोक कुमार, प्रबन्ध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड श्रीमती अपर्णा यू0, प्रबन्ध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन श्री अमित गुप्ता, आयोग के सचिव श्री संजय श्रीवास्तव सहित ऊर्जा विभाग एवं नियामक आयोग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का संचालन श्री आलोक कुमार ने किया।

राज्यपाल ने शपथ ग्रहण के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष विद्युत नियामक आयोग श्री राज प्रताप सिंह को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि आयोग उनके नेतृत्व में जनता के प्रति अपने दायित्व को निभाने में सफल होगा। प्रदेश की जनता को निर्बाध एवं सस्ती बिजली उपलब्ध हो ऐसी उनकी अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि आयोग अपने दायित्व के प्रति सजग रहते हुए आम जनता के हित का भी ध्यान रखे।

प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री आलोक कुमार ने बताया कि ऊर्जा विभाग बेहतर प्रस्तुति के लिये प्रयासरत है। सौभाग्य योजना के अन्तर्गत तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली बिल वसूली करने एवं बिजली चोरी रोकने के लिये विभाग तत्परता से कार्य कर रही है।

उल्लेखनीय है कि श्री राज प्रताप सिंह 1983 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है। 19 मार्च को राज्य सरकार ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद पर श्री राज प्रताप सिंह की नियुक्ति की थी। श्री सिंह ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद की आज शपथ ली है। विद्युत नियामक आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री देश दीपक वर्मा की राज्यसभा में महासचिव पद पर तैनाती होने के पश्चात् उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष का पद रिक्त चल रहा था। श्री राज प्रताप सिंह इससे पूर्व कृषि उत्पादन आयुक्त एवं बेसिक शिक्षा व भूतल खनिज कर्म विभाग के अपर मुख्य सचिव का भी पदभार संभाल रहे थे। श्री राज प्रताप सिंह जिलाधिकारी लखनऊ व कई महत्वपूर्ण विभागों के साथ-साथ प्रधानमंत्री कार्यालय में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन(264/41)